भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 1093

गुरूवार, 10 फरवरी, 2022/21 माघ, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

ओडिशा में पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना

1093. श्री भास्कर राव नेक्कांतिः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को ओडिशा में विद्यमान पर्यटन की संभावनाओं की जानकारी है क्योंकि यह राज्य पर्यटक आकर्षणों, समुद्र-तट, वन्य-जीवन, विरासत स्थलों, ऐतिहासिक स्थलों और मंदिरों से समृद्ध है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा ओडिशा में पर्यटन को बढ़ावा दिए जाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख) : जी हाँ महोदय । ओडिशा राज्य में पर्यटन की पर्याप्त संभावनाएं हैं । पर्यटन मंत्रालय, "स्वदेश दर्शन" और "तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान पर राष्ट्रीय मिशन" - प्रशाद की अपनी योजना के तहत देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु राज्य सरकारों/ केंद्र शासित प्रदेश प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों आदि को वित्तीय सहायता प्रदान करता है । इन योजनाओं के तहत परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत करने, योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन और पहले जारी की गई निधि के उपयोग आदि की शर्त पर स्वीकृत किया जाता है ।

स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजना के तहत ओडिशा राज्य सरकार को स्वीकृत परियोजनाएं और प्रदान की गई वित्तीय सहायता का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है । पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता के तहत, पर्यटन मंत्रालय ने रेलवे मंत्रालय के साथ 50:50 लागत साझा करने के आधार पर अभिज्ञात किये गए 21 रेलवे स्टेशनों पर पर्यटक सुविधाओं के विकास को स्वीकति दी है, जिनमें से पुरी रेलवे स्टेशन पर परियोजना पूरी हो चुकी है ।

(ग) : इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय ओडिशा सहित भारत का समग्र रूप से संवर्द्धन करता है । अपनी चालू गतिविधियों के हिस्से के रूप में, यह अपनी "आतिथ्य सहित घरेलू संवर्द्धन और प्रचार" (डीपीपीएच) और "बाजार विकास सहायता सहित विदेशी संवर्द्धन और प्रचार" (ओपीएमडी) योजना के माध्यम से देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण और संभावित विदेशी बाजारों में, 'अतुल्य भारत' ब्रांड-लाइन के तहत, वैश्विक प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और ऑनलाइन मीडिया अभियान जारी करता है । मंत्रालय की वेबसाइट (www.incredibleindia.org) और सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से भी नियमित रूप से प्रचार-प्रसार किया जाता है ।

*****

अनुबंध

ओडिशा में पर्यटन को बढ़ावा दिये जाने के संबंध में दिनांक 10.02.2022 के राज्य सभा लिखित प्रश्न सं. 1093 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में विवरण

ओडिशा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परिपथ का नाम**	**वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
1	तटवर्ती परिपथ	2016-17	गोपालपुर, बरकुल, सतपदा और ताम्परा का विकास	70.82

ओडिशा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
1	2014-15	मेगा परिपथ के तहत देउली में पुरी, श्री जगन्नाथ धाम-रामचंडी-प्राची रिवर फ्रंट में बुनियादी ढांचों का विकास	50.00

ओडिशा में पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को केंद्रीय वित्तीय सहायता के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण।

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
1	2016-17	पुरी रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	6.15

*****